जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकःजीवि/परीक्षा–2/गोपनीय/2013/ 1148 दिनांक : 02.05.2013

प्रति,

पोस्ट मास्टर जनरल,
जिला –इन्दोर,

विषयः–वार्षिक संस्थागत/असंसथागत एवं सेमेस्टर परीक्षा मई,2013 की उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डल संग्रहण के सम्बंध में।
संदर्भः–कार्यालय प्राचार्य,शासकीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय,शिवपुरी का पत्र कमांक 526 दिनांक 12.04.2013 एवं कार्यालय प्राचार्य शासकीय माधव महाविद्यालय, चंदेरी अशोकनगर का पत्र कमांक 124/2013 दिनांक 29.04.2013।

महोदय,

उपर्युक्त विषयांर्तगत एवं संदर्भित पत्रों के सम्बंध में लेख है कि प्राचार्य शासकीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय,शिवपुरी द्वारा अवगत कराया गया है कि उनके परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय में सम्पन्न हो चुकी परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डल मुख्य डॉकघर शिवपुरी के कर्मचारियों द्वारा एकत्रित नहीं किये जा रहे हैं। तथा प्राचार्य शासकीय माधव महाविद्यालय, चंदेरी, अशोकनगर द्वारा सूचित किया गया है कि उनके परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय पर संचालित होने वाली परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डल महाविद्यालय के कर्मचारियों द्वारा स्वंय पोस्ट ऑफिस जाकर जमा कराये जा रहे हैं सम्बंधित स्थानीय डॉकघर के कर्मचारियों द्वारा परीक्षा केन्द्र से बण्डल एकत्रित नहीं किये जा रहे हैं। इसके साथ ही मुरैना संभाग के भी कुछ महाविद्यालयों से उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डल एकत्रित नहीं किये जा रहे है।

विश्वविद्यालय एवं डॉकघर के बीच हुये अनुबंध के अनुसार प्रत्येक जिले के **डाकघर कर्मचारियों को** उनके जिले में संचालित विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं के केन्द्रों पर जाकर बण्डल प्राप्त कर जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर कार्यालय में पहूँचाना सुनिश्चित किया जाना है। तदोपरान्त ही देयक भुगतान हेतु प्रेषित किया जावेगा।

अतः विश्वविद्यालय एवं डॉकघर के बीच हुये अनुबंध के अनुसार प्रत्येक जिले के डाकघर अधीक्षक को सूचित करने का कष्ट करें ताकि परीक्षा परिणाम समय सीमा में घोषित किये जा सकें।

परीक्षा कार्य अत्यावश्यक सेवा के अंतर्गत आता है। अतः नियमानुसार समय पर कार्य न करने के कारण विधिक कार्यवाही की जा सकेगी।

C.Shinde

परीक्षा नियंत्रक,

प्रतिलिपि :–

1. श्रीमान जिलाधीश महोदय, जिला – शिवपुरी,गुना एवं मुरैना (म0प्र0)
1. प्राचार्य शासकीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय,शिवपुरी
2. प्राचार्य शासकीय माधव महाविद्यालय, चंदेरी, अशोकनगर
3. अधीक्षक, डाकघर ग्वालियर,गुना,मुरैना की आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।

उप–कुलसचिव(गोपनीय)